भारत सरकार
परमाणु ऊर्जा विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या-5474
उत्तर दिनांक 25/03/2026 को दिया गया

आंध्र प्रदेश के अनकापल्ली जिले में परमाणु ऊर्जा संयंत्र

5474. डॉ. सी. एम. रमेश

क्या प्रधान मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) क्या यह सच है कि सरकार ने एनटीपीसी के अंतर्गत 2800 मेगावाट के परमाणु ऊर्जा संयंत्र की स्थापना के लिए आन्ध्र प्रदेश के अनकापली जिले में 2000 एकड़ भूमि का अधिग्रहण करने का प्रस्ताव किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ग) आंध्र प्रदेश में पूर्व में प्रस्तावित परमाणु संयंत्रों के कार्यान्वयन का ब्यौरा और स्थिति क्या है?

उत्तर

राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन तथा प्रधानमंत्री कार्यालय (डॉ. जितेंद्र सिंह)

(क) व (ख) एनटीपीसी समूह (टीएचडीसीआईएल और एनईईपीसीओ को छोड़कर), की नाभिकीय विद्युत संयंत्र के लिए संभावित स्थलों के लिए अन्य राज्यों की तरह आंध्र प्रदेश सरकार के साथ बातचीत जारी है।

(ग) आंध्र प्रदेश राज्य में, सरकार ने संयुक्त राज्य अमेरिका के सहयोग से श्रीकाकुलम जिले के कोवडा में 1208 मेगावाट की 6 इकाइयों की स्थापना के लिए 'सैद्धांतिक' मंजूरी दी थी। 2079.66 एकड़ भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है (विलेख एनपीसीआईएल को हस्तांतरित)। परियोजना प्रभावित व्यक्तियों (पीएपी) के लिए पुनर्स्थापन और पुनर्वास (आर एंड आर) कॉलोनी के लिए भूमि का अधिग्रहण कर लिया गया है और इसके निर्माण कार्य शुरू कर दिए गए हैं। स्थल विशेष पर भू-तकनीकी जांच और अन्य पूर्व-परियोजना गतिविधियां प्रगति पर हैं। साथ ही, मुद्दो का समाधान करने और व्यवहार्य परियोजना प्रस्ताव तैयार करने के लिए अमेरिकी प्रौद्योगिकी साझेदारों के साथ कई स्तरों पर चर्चाएं जारी है।

*****